रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-202/2020/312/22-2-2020-17(755)/2019

लखनऊ:दिनांक: 23 जून, 2020

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए महात्मा गॉधी की 150 वीं जयन्ती (दिनांक 06 अप्रैल 2019 दांडी मार्च) के अवसर पर जिला कारागार, खीरी में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी राजपाल सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, जो जनपद-लखीमपुर खीरी का रहने वाला है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-1399/14 में भा0द0वि0 धारा-363 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखीमपुर खीरी के आदेश दिनांक 08.05.2018 द्वारा 07 वर्ष के कारावास एवं 10,000/- रू0 जुर्माना न देने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है, जिनके द्वारा दिनांक 05.04.2019 तक 04 वर्ष 07 माह 23 दिन की अपरिहार एवं 04 वर्ष 08 माह 29 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है, जो कुल दी गयी सजा के 66 प्रतिशत से अधिक है एवं जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट, लखीमपुर खीरी के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
विशेष सचिव।

संख्या-202/2020/312(1)/22-2-2020 तद्दिनांक....

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, लखीमपुर खीरी।
3- पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर खीरी।
4- अधीक्षक, जिला कारागार लखीमपुर खीरी।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in